असाइनमेंट :- 2 विषय :- हिंदी कक्षा :- तीसरी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर

नाम :- ________________ सेक्शन :- _________ रोल नंबर :- ________दिनांक :- /7/2021

पाठ-3
संगति का फल

मौखिक प्रश्न

(क) विजयनगर के राजा कौन थे?

उत्तर राजा कृष्णदेव राय

(ख) राजा अपने साथ किसको ले जाते थे ?

उत्तर तेनालीराम

(ग) किसान ने राजा को किसके समान बताया ?

उत्तर गन्ने के समान

प्रश्न 2 **किसने कहा ? किससे कहा ?(Page No.-24)**

(क) "तुम अपने राजा को किसके समान समझते हो ?"

उत्तर राजा ने किसानों से कहा

(ख) "हमारे राजा अपनी प्रजा के लिए मीठे गन्ने के समान है |"

उत्तर तेनालीराम ने राजा से कहा

(ग) "यह हमारे राजा को गन्ने के समान कमजोर समझते हैं |"

उत्तर चापलूस दरबारी ने राजा से कहा

लिखित प्रश्न / उत्तर

(क) तेनालीराम के स्थान पर राजा किसे अपने साथ भ्रमण के लिए ले गए?

उत्तर तेनालीराम के स्थान पर राजा दो चापलूस दरबारियों को अपने साथ भ्रमण पर ले गए |

(ख) किसानों ने राजा के प्रश्नों का क्या उत्तर दिया ?

उत्तर किसानों ने राजा की प्रशंसा की और उन्हें गन्ने के समान बताया |

(ग) चापलूस दरबारियों ने गन्ने का क्या अर्थ निकाला ?

उत्तर चापलूस दरबारियों ने गन्ने का यह अर्थ निकाला कि राजा को कोई भी गन्ने के समान आसानी से उखाड़ सकता है |

(घ) तेनालीराम ने राजा की बात का उत्तर किस प्रकार दिया ?

उत्तर तेनालीराम ने कहा कि महाराज, हमारे राजा अपनी प्रजा के लिए मीठे गन्ने के समान है परंतु दुश्मनों के लिए कठोर है |

(ङ) अंत में राजा की समझ में क्या आया ?

उत्तर मूर्खों का साथ हमेशा दुखदायी होता है |